उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या-142/05/कम्प्यूटर अनुभाग(बारह)/2025/01-परीक्षा/2025

लखनऊ : दिनांक : 01 सितम्बर, 2025

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2025, प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 की लिखित परीक्षा दिनांक 06 व 07 सितम्बर, 2025 को प्रत्येक दिन दो पालियों में प्रदेश के 48 जनपदों में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है । सूच्य है कि आयोग की आवश्यक सूचना संख्या-137/05/कम्प्यूटर अनुभाग(बारह)/2025/01-परीक्षा/2025, दिनांक 27-08-2025 द्वारा परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना सम्बन्धी विवरण आयोग की वेबसाइट पर जारी किया गया था ।

तदनुक्रम में समस्त अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत विज्ञापन की लिखित परीक्षा हेतु अनुक्रमांक एवं परीक्षा केंद्र इत्यादि की सूचना सहित अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर जारी कर दिये गये हैं । सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश पत्र सम्बन्धी लिंक पर क्लिक कर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए अपने प्रवेश पत्र दिनांक 01-09-2025 से डाउनलोड कर सकते हैं ।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध **आयोग के आधिकारिक एंड्रॉएड एप** के माध्यम से भी अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं । उक्त के अतिरिक्त आयोग द्वारा **पंजीकृत ईमेल पर प्रेषित की गयी लिंक के माध्यम से** भी अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं ।

अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह प्रवेश पत्र में अंकित निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर लें तथा निर्धारित परीक्षा केंद्र पर नियत तिथि एवं समय पर वैध प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें । **परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी को वैध प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है ।**

01.09.2025
(परीक्षा नियंत्रक)
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ ।